नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 18.03.2021

- जनपद के नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार ,प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन, उ0प्र0 पुर्नगठन समन्वय, भाषा प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबन्धन,राष्ट्रीय एकीकरण द्वारा आज दिनांक 18.03.2021 को नगर निगम के द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो का किया गया निरीक्षण।

- नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 18.03.2021 को सिंचाई विभाग स्थित नंदीशाला का किया गया निरीक्षण।

1. जनपद के नोडल अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार ,प्रमुख सचिव, सामान्य प्रशासन, उ0प्र0 पुर्नगठन समन्वय, भाषा प्रशासनिक सुधार एवं लोक सेवा प्रबन्धन,राष्ट्रीय एकीकरण द्वारा आज दिनांक 18.03.2021 को नगर निगम के द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के अन्तर्गत प्रमुख सचिव महोदय द्वारा नगर के खिरनीबाग रामलीला मैदान में नगर निगम द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया,जिसमें निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली गई। इस मौके पर प्रमुख सचिव महोदय द्वारा हो रहे निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में मो0 बहादुरपुरा में अग्निशमन के पास निर्माणाधीन आटोमैटिक ट्रान्सफर स्टेशन, अन्टा चौराहा स्थित आडोटोरियम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था को माह दिसम्बर तक कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गये। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट श्री राजेश कुमार एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

2. नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 18.03.2021 को सिंचाई विभाग स्थित नंदीशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नंदीशाला में साफ–सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं नन्दियो के लिये हरा चारा भूसा आदि की व्यवस्था की जानकारी ली गई। इस मौके पर नंदीशाला मे साफ–सफाई और अधिक बेहतर रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा नंदियो के लिये हरा चारा एवं भूसा पर्याप्त मात्रा में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नंदीशाला में कार्य करने वाले कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सहायक नगर आयुक्त<br>
नगर निगम,शाहजहाँपुर।